भारत सरकार

अंतरिक्ष विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4756

बुधवार, 29 मार्च, 2023 को उत्तर देने के लिए

भू-स्थानिक पोर्टल 'भुवन'

4756. **श्री कुरुवा गोरांतला माधव :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वदेशी भू-स्थानिक पोर्टल 'भुवन' की विशेषताओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) इसके अंतर्गत हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है और इसका महत्व क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में अन्य क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री

(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

***

(क) भुवन पोर्टल में आपदा प्रबंधन सहायता, मौसम, समुद्र विज्ञान, परिसंपत्ति मानचित्रण, नियोजन एवं विकास, निगरानी एवं मूल्यांकन, स्थान आधारित सेवाएं, सहयोग एवं समेकन हेतु विन्यास से संबंधित उपग्रह डेटा दृश्यन और मूल्य-वर्धित विषयगत सेवाओं जैसी विशेषताएं हैं। अभी, भुवन के पास उपग्रह डेटा के 100+ लेयर, 15 विभिन्न विषयगत डेटासैट, आपदा विशिष्ट डेटा, मौसम एवं जलवायु डेटा, 100+ मिलियन अभिरुचि के समृद्ध बिंदु, 190+ वेब जी.आई.एस. अनुप्रयोग, ए.पी.आई. एवं विश्लेषिकी, ए.आई. एम.एल. समाधान, ऑपन-सोर्स समाधान, 18 लाख उपयोगकर्ताओं वाला बहुभाषी मंच और हर माह 550 मिलियन कुल हिट्स हैं।

(ख) वर्ष 2009 में भुवन की शुरूआत से और एक मात्र भारतीय ई.ओ. पोर्टल होने के कारण, भुवन की अत्याधुनिक अवसंरचना, इसकी विषयवस्तु, प्रसार व्यवस्था, अभिशासन संबंधी

अनुप्रयोग, नागरिक केंद्रित अनुप्रयोगों के साथ उन्नयन किया गया है और वर्तमान में यह डेटा विश्लेषिकी मंच पर अपने कार्यकलापों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

(ग) इन-स्पेस के माध्यम से उद्योग और स्टार्ट-अप्स के लिए भुवन सेवाओं और वेब मानचित्र सेवाओं (डब्ल्यू.एम.एस.) के रूप में उच्च विभेदन उपग्रह डेटा को साझा करना, नागरिक सुविधा सूचना एवं शहरी अवसंरचना की प्रचुरता एवं मोबाइल अनुकूल सेवाओं तथा आद्योपांत अनुप्रयोग संबंधी विकास के सुदृढ़ीकरण से नागरिक केंद्रित अनुप्रयोगों को बेहतर बनाना की गई अन्य पहलों में शामिल हैं।

***